हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 21 जून 2024

तापमान
अधिकतम 40 .3 डिग्री
न्यूनतम 28 .1 डिग्री

13 शिविर से समस्याओं का समाधान हुआ आसान

14 किसानों की चेतावनी, 24 घंटे में समाधान नहीं तो जड़ देंगे ताला


## खबर संक्षेप

### स्कूल में चोरी का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

**नारनौंद।** खेड़ी जालब के स्कूल का ताला तोड़कर मिड डे मील का सामान चुरा करने के मामले में पुलिस ने गांव खेड़ी जालब के मंजीत को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी एसआई अनिल कुमार ने बताया कि कुछ दिन पहले गांव खेड़ी जालब के सरकारी स्कूल में से अज्ञात चोर कमरे का ताला तोड़कर मिड-डे मिल का सामान चोरी करके फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 72 किलो. गेंहू व पांच लीटर रिफायंड बरामद किया।

### ज्यादा रिटर्न का झांसा देकर ठगा, गिरफ्तार

**हांसी।** साइबर क्राइम हांसी पुलिस ने इन्वेस्ट करने पर ज्यादा रिटर्न का झांसा देकर 65299 रुपये धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जिसकी पहचान बास निवासी मोनू के रुप में हुई है। सुल्तानपुर निवासी सागर ने 12 जून को शिकायत दी थी। जिसमें अप्रैल 2024 में फेसबुक पर पीहू जटानी नाम की आईडी पर एक स्टोरी लगी हुई देखी जिसमे पैसे इंवेस्ट करने पर काफी ज्यादा रिटर्न वापस मिलने के बारे में लिखा व दोनों आरोपियों ने ज्यादा रिटर्न का झांसा देकर धोखाधड़ी करते हुए 65299 ऐंठ लिए। साइबर थाना पुलिस ने जांच के बाद मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### साक्षी सेंट्रल वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन में चयनित

**उकलाना।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की छात्रा साक्षी भुटानी का सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन (भारतीय सरकार) में बतौर सुपरीटेंडेंट जनरल पद में चयन हो गया है। बता दें कि पूरे भारतवर्ष में केवल 10 सीटें खाली थीं जिसमें 1सीट साक्षी भुटानी ने अपने नाम कर ली है। साक्षी 21 जून को बतौर सुपरीटेंडेंट जनरल अपना कार्यभार संभालेंगी।


साक्षी भुटानी।





हिसार। उद्घाटन करते मुख्यमंत्री और अन्य, रैली स्थल पर अभिवादन स्वीकारते सीएम नायब सैनी व अन्य, मंच पर आपस में चर्चा करते सीएम व स्वास्थ्य एवं उड्डयन मंत्री और मुख्यमंत्री के सामने रोड की मांग रखते ग्रामीण।

## मुख्यमंत्री ने 544 करोड़ की परियोजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास

# प्रदेश के विकास की गाथा लिखेगा हिसार का एयरपोर्ट: नायब सैनी

### उड़ान शुरू करने के लिए लाइसेंस का इंतजार, दो चरणों का निर्माण पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि हिसार का महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट प्रदेश के विकास की गाथा को लिखेगा। दूसरा चरण का निर्माण पूरा हो चुका है। लाइसेंस मिलते ही यहां से उड़ाने शुरू हो जाएगी। यहां से अयोध्या, दिल्ली, चंडीगढ़, जम्मू, जयपुर व अहमदाबाद इत्यादि क्षेत्रों के लिए हवाई जहाज उड़ेंगे। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को महाराजा अग्रसेन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के दूसरे चरण का उद्घाटन के साथ 544 करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करने के बाद अपने संबोधन में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। जिसे पूरा करने में हरियाणा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। नौ साल पहले मनोहर लाल ने इसका शुभारंभ किया था और अब इसका निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उड़ान योजना शुरू करते हुए कहा था कि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई जहाज की यात्रा करेगा और उनका यह संकल्प आज पूरा होने जा रहा है। देश व प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने विकास को गति दी है। हजारों किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए गए, किसानों, कर्मचारियों, मजदूरों, महिलाओं सहित हर वर्ग के हित में योजनाएं लागू करके उन्हें साकार रूप प्रदान किया गया। भाजपा शासन में हर वर्ग खुशहाल है। देश व प्रदेश की भाजपा सरकार में विकास की गति तेज हुई है। हाल ही में सरकार ने हैप्पी योजना के माध्यम से प्रदेश के 80 लाख लोगों को निःशुल्क बस यात्रा के लिए हैप्पी कार्ड बनाकर लाभ देना शुरू किया है।

#### हमारे पास पूर्ण बहुमत

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के लोग यह भी अफवाह फैला रहे हैं कि भाजपा सरकार अल्पमत में है। उन्होंने कहा कि यदि हम अल्पमत में हैं तो कांग्रेसी अविश्वास प्रस्ताव क्यों नहीं लाते। हम अल्पमत में नहीं पूर्ण बहुमत में है और ये कांग्रेस को भी अच्छी तरह से पता है।

#### अधिकारियों को दी बधाई

मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट अधिकारियों को बधाई दी। अधिकारियों के मार्गदर्शन व प्रशिक्षण में यहां से बच्चे प्रशिक्षण लेते हैं और पायलट बनते हैं। यह बहुत बड़ा कार्य है। यहां 100 से ज्यादा पायलट ट्रेनिंग ले चुके हैं।

#### लाइसेंस मिला व उड़ान शुरू

स्वास्थ्य एवं उड्डयन मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने मुख्यमंत्री का हिसार पहुंचने पर स्वागत किया। उन्होंने जनता को बधाई देते हुए कहा कि एयरपोर्ट को मूर्त रूप देना हमारा सपना था और वो आज पूरा हो चुका है। मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उस कंपनी के साथ एमओयू पर साइन कर दिए हैं, जिस कंपनी को हवाई जहाज उड़ाने हैं। उन्होंने कहा कि फीस भी भर दी गई है और जैसे ही लाइसेंस मिलेगा, यहां से हवाई जहाज उड़ने शुरू हो जाएंगे।

#### पंजाब ने हमारा पानी रोका : सीएम

**हिसार।** सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब ने हमारा पानी रोक रखा है। दिल्ली सरकार अनर्गल आरोप लगा रही है। सीएम सैनी गुरुवार को महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट पर करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं को उद्घाटन व शिलान्यास करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते रहे थे। सीएम सैनी ने दिल्ली की मंत्री आतिशी के धरने के बयान पर कहा कि आतिशी ने पिछली बार भी कोर्ट का रुख किया था। जितना तय हैं उसका सवाया पानी दिया जा रहा है। वहां सरकार जनता को सुविधा देने में नाकाम रही है। पानी की कमी के हल के प्लानिंग वो नहीं कर पाए।

#### विधायक भी ले जाते राज्यपाल के पास

मुख्यमंत्री ने पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा के विधानसभा को भंग करवाने की मांग के बारे में मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि ये राज्यपाल के पास गए हैं। वहां पूरे विधायक भी लेकर जाते। हमने विश्वासमत हासिल किया है। जब सेशन आता हैं तो ये एप्लिकेशन लगा देते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को मजबूत करने के लिए किरण चौधरी के पूरे परिवार ने मेहनत की, लेकिन भूपेंद्र सिंह हुड्डा अपने बेटे को प्रमोट करने के लिए सबकी राजनीतिक हत्या कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 3 डिजिट भी क्रॉस नहीं कर पाए। ये लोगों को बरगला रहे हैं। कांग्रेस को खुश होने की जरूरत नहीं है। 10 वर्षों में हमने इनसे ज्यादा वोट लिए है। हमारी 45 सीट आई है। सीएम नायब सैनी ने कहा कि 2019 के प्रदर्शन से आंकड़ों के मामले हम पीछे रहे है, लेकिन हरियाणा विधानसभा में भाजपा सरकार बनाएगी।

#### ग्रामीणों के बीच धरने पर पहुंचे सीएम, रोड निर्माण की गति बढ़ाने का दिया आश्वासन

**हिसार।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गुरुवार को यहां आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए हिसार आ रहे थे तो चंडीगढ़ बाइपास भारी संख्या में एकत्रित हुए ग्रामीणों के कहने पर वे धरने पर रुके। धरने पर तलवंडी राणा रोड बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष एडवोकेट ओ.पी. कोहली के नेतृत्व में उपस्थित महिलाओं, युवाओं, बुजुर्ग व बच्चों ने सीएम को रोड बंद हो जाने से आ रही परेशानियों से अवगत करवाया। विशेष तौर पर महिलाओं ने कहा कि हिसार-तलवंडी राणा रोड का बनना उनके बच्चों के भविष्य के लिए बेहद जरूरी है क्योंकि रोड बंद हो जाने से सबसे अधिक उनकी पढ़ाई प्रभावित हुई है। इसके लिए शहर में उनके बच्चों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है और कई किलोमीटर घुमकर जाना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि रोड की कार्रवाई तेज गति से की जाएगी और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने देंगे। जल्द ही आप लोगों का यह कार्य करवा दिया जाएगा।

समिति अध्यक्ष एडवोकेट ओ.पी. कोहली ने स्थायी रोड को लेकर मुख्यमंत्री के समक्ष मुख्य दो मांगें रखी। एक तो 2.3 कि.मी. का जो रोड सरकार ने बनाया है उसमें 16 मरले जमीन डीसीएम मिल की आई हुई है इस बारे में अवगत करवाया और इसके समाधान की मांग की। दूसरे 2.2 कि.मी. का जो रोड बनना अभी बाकी है उसकी पैमाइश तो की जा चुकी है लेकिन रोड की फाइल बनाकर अभी तक मुख्यालय नहीं भेजी है जिससे रोड का काम रुका हुआ है। उन्होंने बताया कि मिल की जमीन का समाधान व बाकी बचे रोड को सरकार जल्द से जल्द बनाकर ग्रामीणों को दे ताकि उनकी परेशानियां दूर हों और उन्हें राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की बात को पूरी गंभीरता से सुना और इस संबंध में त्वरित कार्यवाही व रोड जल्द बनवाकर देने का आश्वासन दिया।

#### कांग्रेस ने प्लाटों के नाम पर बरगलाया

विपक्ष पर निशाना साधते हुए सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। न तो विपक्ष के पास नीति है और न ही नीयत। विपक्ष का केवल एक ही मकसद है कि प्रदेश के विकास को किस तरह रोका जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने गरीबों को प्लाट देने के नाम पर बरगलाया लेकिन भाजपा सरकार ने इस योजना को कैबिनेट में पास करके गरीबों को रजिस्ट्रियों सहित प्लॉट देने का काम किया है।

#### 2021 में बदला एयरपोर्ट का नाम

26 जुलाई 2021 को एयरपोर्ट का नाम महाराजा अग्रसेन के नाम पर रखने का ऐलान किया था। 1 सितंबर 2022 को हिसार एयरपोर्ट का नाम बदलकर महाराजा अग्रसेन के नाम पर घोषणा की गई। 24 मार्च 2023 को दुष्यंत चौटाला ने घोषणा की कि नवंबर 2023 में उड़ान शुरू हो जाएगी। इसमें 8 रूट तय कर लिए गए हैं जिसमें हिसार से वाराणसी, आगरा, उदयपुर, जैसलमेर, देहरादून, अमृतसर, जम्मू और कुल्लू रूट शामिल हैं।

#### कब क्या हुआ

- 15 अगस्त 2018 को स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हिसार एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था। मुख्यमंत्री रहते मनोहर लाल ने घोषणा की थी कि हिसार एयरपोर्ट से विमानों की उड़ान 2 माह में शुरू हो जाएगी। एयरपोर्ट को विकसित करने के लिए स्पाइस जेट एयरलाइंस कंपनी के साथ एमओयू पर भी साइन किया गया था।
- सितंबर 2019 में भारत सरकार की क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) के तहत हिसार में एयर शटल सेवाओं का उद्घाटन हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किया। सीएम खुद हिसार एयरपोर्ट उड़ान भरने वाली पहली फ्लाइट से ही चंडीगढ़ के लिए रवाना हुए। मगर 7 महीने में ही उड़ान बंद हो गई।
- 2019 में ही मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हिसार एयरपोर्ट पर बनने वाले 33 केवी सब स्टेशन का शिलान्यास किया था।
- 27 अक्तूबर 2020 को मुख्यमंत्री मनोहर लाल और डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने हिसार एयरपोर्ट के रनवे विस्तार कार्य का शिलान्यास किया था।
- हिसार में 11 सितंबर 2023 को उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने हवाई अड्डे के एयर ट्रैफिक कंट्रोल रूम व टर्मिनल बिल्डिंग की आधारशिला रखी।
- अब 20 जून को सीएम नायब सिंह सैनी एयरपोर्ट पर 10 हजार फीट के रनवे सहित कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

## बैठक में डीसी व एसकेएम के बीच नहीं बनी सहमति, अब 26 को फिर होगी मीटिंग


हिसार। जिला उपायुक्त प्रदीप दहिया के साथ बैठक करता किसानों का प्रतिनिधिमंडल।

हिसार। संयुक्त किसान मोर्चा का लघु सचिवालय के सामने पक्का मोर्चा धरना 170वें दिन जारी रहा। संयुक्त किसान मोर्चा ने धरनास्थल पर महापंचायत की जिसकी संयुक्त अध्यक्षता शमशेर नंबरदार व रणबीर मलिक ने की। बाद में मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल की मीटिंग डीसी प्रदीप दहिया के साथ हुई, लेकिन किसानों के मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई। मोर्चा की आगामी मीटिंग 26 जून को जिला प्रशासन से दोबारा होगी। उधर, किसान नेताओं ने बताया कि पक्का मोर्चा धरने की जब तक सभी मांगों का समाधान नहीं होता धरना जारी रहेगा। मोर्चा के नेता सरदानंद राजली ने बताया कि डीसी ने 26 को सभी मुद्दों से सम्बन्धित अधिकारियों को मीटिंग में शामिल होने और सभी मुद्दों के समाधान का आश्वासन दिया है। एसकेएम का 17 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल वार्ता के लिए गया। डीसी से मिलने वालों में शमशेर नंबरदार, रणबीर मलिक, करतार सिवाच, विकास सिसर, रवि आजाद, सतीश बैनीवाल, सरदानन्द राजली, सोमबीर चौधरीवास, दिलबाग सिंह हुड्डा, हर्षदीप गिल, सुरेंद्र मान, जसबीर सूरा, राजीव मलिक, धोला जेवरा, जोगिंद्र मय्यड़, राजू खरड़, सतबीर धायल, सतबीर घड़वाल आदि शामिल रहे।

### आसमान से बरसी राहत, हल्की बरसात से मौसम बना खुशनुमा

हिसार। पिछले लंबे समय से गर्मी की मार झेल रहे लोगों को गुरुवार शाम को बड़ी राहत मिली। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते हिसार व आसपास के क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हुई। बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया। जानकारी के अनुसार इस सीजन में भीषण गर्मी पड़ने के कारण लोगों को गर्मी से बुरा हाल है। लोगों ने न दिन में गर्मी से राहत थी और न ही रात्रि को गर्मी से चैन दी। हिसार समेत प्रदेश के कई जिलों में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ और प्री-मानूसन की बारिश ने दस्तक दी। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अगले 24 घंटे में भी प्री-मानूसन सक्रिय रहेगा। इसके अलावा प्रदेश में 28 जून से 3 जुलाई के बीच प्रदेश में मानसून के आने की उम्मीद है।

### हवाई अड्डे पर जारी हो श्वेत पत्र

**हिसार।** प्रदेश की भाजपा सरकार हवाई अड्डे के नाम पर जनता को भ्रमित कर रही है लेकिन जनता यह जान चुकी है कि यह केवल चुनावी जुमला है। भाजपा सरकार को हवाई अड्डे बारे श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। यह बात कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट योगेश सिहाग ने हवाई अड्डा के बार बार हो रहे उद्घाटन पर प्रतिक्रिया जताते हुए कही। उन्होंने कहा कि हिसार हवाई अड्डा का अब तक पांच बार पहले भी उद्घाटन हो चुका है और आज छठी बार इसका उद्घाटन हुआ है।

## हरियाणवीं गायक आजाद खांडा को मातृ शोक, पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने जताया शोक

**नारनौंद।** प्रदेश के विख्यात रागनी कलाकार आजाद सिंह खांडा की माता संतरों देवी का निधन हो गया। वे 72 वर्ष थी। स्वर्गीय संतरों देवी का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव खांडा खेड़ी में किया गया। आजाद सिंह खांडा ने बताया कि उनकी माता 72 वर्षीय संतरों देवी बिल्कुल स्वस्थ थी। हर रोज की तरह घर का छोटा-मोटा काम भी करती थी। जब वह पानी पीने के लिए उठी तो मटके के पास ही गिर गई और वहीं पर उन्होंने अंतिम सांस ली। घर वालों ने उनको उठाया तो उनकी सांस रुक चुकी थी। गांव में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु व अनेक समाजसेवी संगठन ने गहरा शोक व्यक्त किया है। आजाद सिंह खांडा देश के महशूर रागनी गायक है और वह फिलहाल हिसार के जिला लोक संपर्क विभाग में सुपरवाइजर के पद पर तैनात हैं।


नारनौंद। संतरों देवी फाइल फोटो।

## ट्रैफिक नियम: अवहेलना पर 49 वाहनों के काटे चालान

- पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर चलाया चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

ट्रैफिक पुलिस हांसी द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बृहस्पतिवार को लेन ड्राइविंग को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान रॉन्ग लेन चेंज ड्राइव कर 49 वाहनों के चालान काटे। एसपी अहमद ने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जान व माल की हानि को रोकने के उद्देश्य से लेन ड्राइविंग व गलत दिशा में ड्राइविंग करने वाले वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए हांसी पुलिस द्वारा बृहस्पतिवार को विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस की टीमों द्वारा जिले के मुख्य मार्गों के अलग-अलग स्थानों पर की गई चैकिंग के दौरान भारी वाहनों द्वारा लेन के नियमों का उल्लंघन किए जाने पर 49 वाहनों के चालान किए।



उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा व सुरक्षित सफर के लिए हांसी पुलिस का यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा भारी वाहनों के संबंध में लेन ड्राइविंग तथा गलत दिशा में ड्राइविंग करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा चैकिंग के दौरान यातायात नियमों, लेन ड्राइविंग और गलत दिशा में ड्राइविंग को लेकर वाहन चालकों को जागरूक भी किया गया। पुलिस ने वाहन चालकों को बताया कि लेन ड्राइविंग के दौरान धीमी गति से चलने वाले सभी वाहन जैसे ट्रक, बस आदि को बांई लेन में रखना चाहिए। तेज गति से चलने वाले वाहनों को दांई लेन में रखना चाहिए। जब भी वाहन चालक लेन बदले तो हमेशा टर्न इंडिकेटर का इस्तेमाल करे।

एसपी ने ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वालों को आगाह करते हुए कहा है कि वे अपने वाहन को चलाते समय ट्रैफिक नियमों की पालना करें, अन्यथा ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वाले चालकों के खिलाफ पुलिस सख्त कारवाई करेगी।

## लाडवा की बेटी भारतीय हैंडबॉल टीम में चयन

- 24 से 30 जून तक स्पेन में होगी वर्ल्ड इंटर यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

स्पेन (एंटेक्वेरा) में 24 जून 30 जून से शुरू होने वाली विश्व विश्वविद्यालय हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए जिले के गांव लाडवा की मंजिल का चयन भारतीय महिला हैंडबॉल टीम में हुआ है। लाडवा हैंडबॉल खेल नर्सरी कोच अशोक पूनिया व महावीर पूनिया ने बताया की मंजिल का चयन 24 से 30 जून तक स्पेन एंटेक्वेरा मे होने वाली वर्ल्ड यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप के लिए भारतीय महिला हैंडबॉल टीम में हुआ है।

मंजिल ने बताया कि वह एलपीयू फगवाड़ा से बीपीईएस की पढ़ाई कर रही। 2015 में लाडवा के गर्ल्स हाई स्कूल लाडवा में कोच अशोक पूनिया व महावीर पूनिया के पास खेलना शुरू किया था। स्कूल की अंडर-14, अंडर-17 में गोल्ड, अंडर-19 में पिछले वर्ष कांस्य पदक जीता था। खेलों इंडिया, सब जूनियर व जूनियर राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिताओ में स्वर्ण जीत चुकी है। किसान बलवान के घर जन्मी मंजिल विवि में कोच चंदन से प्रशिक्षण ले रही है। मंजिल की उपलब्धि पर सरपंच रामफल पूनिया, जिला पार्षद जसबीर जाखल, प्राचार्या फूलवती लांबा, मधु बाला, परमिंदर मलिक, हैंडबॉल कोच संदीप पूनिया, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नवीन पूनिया, प्रदीप लांबा, प्रदीप जांगड़ा ने बधाई दी।


खिलाड़ी मंजिल।

## चोर पकड़ने पर चौकीदार व पुलिसकर्मी सम्मानित

- अनाज मंडी की दुकान से चोरी की थी सरसों की 44 बोरी, गिरफ्तारी पर व्यापारियों ने जताई प्रशन्नता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अनाज मंडी के व्यापारी तुलसीराम नरेश कुमार की दुकान से 44 बोरी सरसों चोरी करने के आरोपियों की गिरफ्तारी पर व्यापार मंडल ने प्रसन्नता जताई है। व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग की अध्यक्षता में गुरुवार को चोर पकड़ने वाले पुलिस अधिकारियों व चौकीदारों को सम्मानित किया गया।

बजरंग गर्ग ने इस अवसर पर कहा कि अपराधियों द्वारा 44 बोरी सरसों चोरी करने के विरोध में पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाई गई थी। सरसों चोरी करने वाले अपराधियों को अनाज मंडी चौकीदारों व पुलिस अधिकारियों ने चोरों का कई किलोमीटर पीछा करके उन्हें पकड़ लिया। इस संबंध में अनाज मंडी एसोसिएशन ने व्यापारियों के साथ बैठक की। बैठक में भारी संख्या में व्यापारियों ने भाग लिया।



हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कॉन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने अपराधियों पकड़ने पर अनाज मंडी चौकी इंचार्ज चार्ज गौतम कुमार व अनाज मंडी के चौकीदारों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। बजरंग गर्ग ने कहा कि अनाज मंडी एसोसिएशन द्वारा व्यापार करने के साथ-साथ सामाजिक व धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेती है। अनाज मंडी एसोसिएशन द्वारा मंडी में भव्य स्कूल, हॉस्पिटल, मंदिर बनाया हुआ है। यहां तक की स्कूल में सामान्य फीस लेकर बच्चों को शिक्षा दी जाती है और काफी गरीब बच्चों को मुफ्त शिक्षा दी जाती है। सरकार को अनाज मंडी के विकास के लिए विशेष ध्यान देना चाहिए क्योंकि सैकड़ों व्यापारी, हजारों किसान का मंडी में आना-जाना लगा रहता हैं।

अनाज मंडी एसोसिएशन के जिला प्रधान पवन गर्ग, अनाज मंडी प्रधान राम अवतार गोयल, पूर्व प्रधान संजय गोयल,स्कूल प्रधान अजय सिंगला बॉबी, हॉस्पिटल प्रधान अनिल जैन ,खल चुरी एसोसिएशन प्रधान त्रिलोक बंसल, उप प्रधान नरेश गर्ग, संजय नागपाल, वेदप्रकाश जैन, जगदीश गोदारा, रघुनाथ गोयल, लक्ष्मी आदमपुरिया, पवन बंसल, मनीराम गोयल, सत्यप्रकाश आर्य, सोनू न्योलीवाले, नरेश राजलीवाले, बजरंग असरावां, निरंजन असरावां, साधुराम बंसल व्यापारी प्रतिनिधियों ने भारी संख्या में भाग लिया।

### सिख रेजिमेंट में तैनात थे बडाला निवासी बिजेंद्र सिंह

## राजकीय सम्मान के साथ शहीद किया संस्कार

- चंडीगढ़ पुलिस में कार्यरत है शहीद की पत्नी मुस्कान, 10 साल की है बेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

बडाला गांव के बेटे एवं शहीद सैनिक बिजेंद्र सिंह का राजकीय सम्मान के साथ उनके गांव में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान का गांव गमगीन माहौल रहा। बडाला सहित अनेक गांव से आए युवाओं ने शहीद बिजेंद्र सिंह अमर रहे के नारे लगाए। सभी लोग घरों से बाहर निकलकर अमर फौजी बिजेंद्र सिंह को सलामी दी।

बता दें कि गांव बडाला निवासी बिजेंद्र सिंह 152टीए सिख रेजिमेंट में तैनात था। कुछ दिन पहले अचानक उनका स्वास्थ्य खराब हो गया। उन्हें इलाज के लिए सेना हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। उनका स्वास्थ्य निरंतर बिगड़ रहा था। उनकी हालत ज्यादा खराब हो गई और उन्होंने 18 जून को अंतिम सांस ली। शहीद बिजेंद्र सिंह का बडाला गांव में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इंडियन वेटरंस ऑर्गेनाइजेशन के प्रदेशाध्यक्ष चरण सिंह मलिक ने बताया कि फौजी बिजेंद्र सिंह अपने माता पिता के इकलौते पुत्र थे। उनकी दस साल की बेटी है। उनकी पत्नी मुस्कान चंडीगढ़ पुलिस में तैनात है।

अंतिम संस्कार के दौरान रामनिवास, संजय सिंह, उमेद सिंह, बिजेंद्र सिंह, अनिल कुमार, नरेंद्र सिंह, समुंदर तथा उनकी बटालियन से आए नायब सुबेदार कुलदीप राज, हवलदार राममेहर, सोमबीर, सुखबीर तथा उनके परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे। सभी ने अमर सैनिक के चरणों में पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। 42 आर्म्ड से सुबेदार बीरेंद्र सिंह व गार्ड ने सलामी देकर अमर सैनिक को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। उनके चाचा के लड़के ने मुखाग्नि दी।


नारनौंद: गांव में अंतिम संस्कार के दौरान सैनिक शहीद फौजी के परिजनों को तिरंगा सौंपते हुए।

जागरूकता / रजनी अरोड़ा

बच्चों, नित्य आसन और प्राणायाम करने से हम शारीरिक रूप से स्वस्थ ही नहीं रहते, दिमागी रूप से भी मजबूत बनते हैं। योग हमारे लिए कितना उपयोगी है, इन्हें तुम कैसे करो, बता रहे हैं **योग गुरु सत्य नारायण यादव।**

# योगाभ्यास करो हमेशा स्वस्थ-निरोगी रहो



बच्चों, योग हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा मानव को दिया ऐसा वरदान है, जिसके नियमित और नियमपूर्वक अभ्यास से हम अपने तन और मन को स्वस्थ, निरोग और बलवान बना सकते हैं। अगर बच्चे अपनी नन्ही उम्र में ही योगाभ्यास शुरू कर दें तो उनके शरीर में गुड हार्मोंस और एनर्जी का फ्लो अधिक होगा। योग हमें फिजिकली, मेंटली और इमोशनली स्ट्रॉन्ग बनाता है। बच्चों जानो, अपने लिए कुछ उपयोगी योगासनों के बारे में। साथ ही इन्हें करने के नियम और इनसे होने वाले लाभ के बारे में भी जानो।

## ताड़ासन : शारीरिक विकास में सहायक

**अधिकांश आसन** हमारे शारीरिक विकास में बहुत सहायक होते हैं। विशेष तौर पर ताड़ासन, लंबाई बढ़ाने में सहायक होने के साथ-साथ शरीर के विभिन्न अंगों में बैलेंस बनाने में भी सहायक होता है। बढ़ती उम्र के बच्चों के लिए यह आसन बहुत ही लाभदायक है।

**ताड़ासन की विधि :** सबसे पहले दोनों पैर मिलाकर बिल्कुल सीधे खड़े हो जाओ। दोनों हाथ सामने लाओ और अंगुलियों को एक-दूसरे में फंसाकर लॉक कर लो। गहरी सांस लेते हुए हाथों को सिर के ऊपर ले जाओ। अब पंजों के बल उठो और हाथों को ऊपर की तरफ खींचो। इस पोजीशन में कुछ सेकेंड सांस रोक कर रखो, फिर धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए हाथ नीचे ले आओ और सीधे खड़े हो जाओ। *

## शशांक आसन, उष्ट्रासन : बढ़ती है शरीर की फ्लेक्सिबिलिटी

**ये आसन** नियमित करने से शरीर लचीला बनता है, मसल्स मजबूत होती हैं। स्पाइनल कॉर्ड को फ्लेक्सिबल बनाने के लिए शशांक आसन और उष्ट्रासन बहुत उपयोगी हैं। ये आसन करते हुए खून का प्रवाह नियमित होता है। खून का प्रवाह बढ़ने से बच्चों में आंखें कमजोर होने की समस्या दूर होती है, साथ ही मेमोरी भी बढ़ती है।

**शशांक आसन की विधि :** शशांक आसन करने के लिए पहले वज्रासन की मुद्रा में बैठ कर हाथ पीछे ले जाकर बाएं हाथ से दाएं हाथ को पकड़ो। धीरे-से गहरी सांस लो और सांस छोड़ते हुए घुटने की ओर आगे झुको। 3-4 मिनट इसी अवस्था में रुको। धीरे-धीरे सांस लेते हुए वापस वज्रासन वाली पोजिशन में आ जाओ।

**उष्ट्रासन करने की विधि :** उष्ट्रासन करने के लिए पहले वज्रासन की मुद्रा में घुटने के बल खड़े हो जाओ। हाथों को पैरों की एड़ियों पर रखकर शरीर को धीरे-धीरे पीछे ले जाओ और गर्दन को पीछे की ओर लेकर जाओ। इस पोजिशन में 5-6 सेकेंड रुको। धीरे-धीरे वापस वज्रासन की पोजिशन में आ जाओ। *





## वज्रासन : पॉश्चर ठीक रखने में मददगार

**पढ़ते समय** झुक कर पढ़ने की आदत से बच्चों के स्पाइनल कॉर्ड पर असर पड़ता है। इससे बॉडी का पॉश्चर खराब हो जाता है, गर्दन और कमर में दर्द रहने लगता है और नजर भी कमजोर हो जाती है। वज्रासन करने से खराब पॉश्चर और उनसे होने वाली समस्याओं से बचा जा सकता है। वज्रासन से स्पाइनल कॉर्ड सीधी रहती है।

**वज्रासन की विधि :** सबसे पहले योगा मैट पर घुटने के बल बैठ जाओ। दोनों पैरों के अंगूठे को एक-दूसरे से स्पर्श कराओ और एड़ियां थोड़ी खुली रखकर उस पर बैठ जाओ। अपने दोनों हाथ, पैरों के घुटने पर रखो। कुछ देर इसी अवस्था में बैठे रहो। इस दौरान नजरें सामने और रीढ़ की हड्डी बिल्कुल सीधी रखो। अधिकांश आसन खाली पेट किए जाते हैं लेकिन इस आसन को तुम खाना खाने के बाद भी कर सकते हो। *

## प्राणायाम : बढ़ता है कंसंट्रेशन और मेमोरी पॉवर

**बच्चों, अगर** तुम आसन और प्राणायाम का नियमित अभ्यास करोगे, तो इससे तुम्हारी मेमोरी भी शार्प होगी, साथ ही तुम्हारा कंसंट्रेशन लेवल भी बढ़ेगा। एक रिसर्च के मुताबिक स्क्रीन टाइम बढ़ने से बच्चों में मायोपिया (नजर कमजोर होना) की समस्या को दूर करने के लिए रोजाना 15 मिनट अनुलोम-विलोम प्राणायाम करना फायदेमंद होता है। इसके अलावा प्रणव यानी 'ओम' का उच्चारण, अर्ध शीर्षासन, शीर्षासन जैसे योगासन के नियमित अभ्यास से दिमाग में रक्त प्रवाह सुचारु तरीके से होता है, जिससे स्मरण शक्ति बढ़ती है। किसी काम को करने में दिमाग अधिक फोकस्ड रहता है, जिससे तुम किसी भी काम को अच्छी तरह एकाग्रता से कर पाओगे। यानी योग तुम्हें सुपर स्मार्ट बनाता है।

**प्रणव उच्चारण की विधि :** प्रणव उच्चारण में आलती-पालथी मारकर बैठ जाओ और हाथों को ज्ञान मुद्रा में रखो। लंबी गहरी सांस लेते हुए 'ओम' का उच्चारण करो। यह एक तरह का मेडिटेशन है। हो सके तो ओम का उच्चारण तीन हिस्सों में बांटकर करो- आ, ऊ और म। बच्चों, कोई भी योगासन करने से पहले इस बात का ध्यान रखना कि इसे अनुभवी योग गुरु या प्रशिक्षक से अच्छी तरह सीखने के बाद ही इनका अभ्यास करना। *



### कब करें योग

बच्चों, तुम अपनी सुविधानुसार सुबह-शाम किसी भी समय योग कर सकते हो। चाहे तो दोनों समय 20-30 मिनट तक योगाभ्यास कर सकते हो।

### योग के विशेष लाभ

**रहेगा वेट पर कंट्रोल :** बच्चों, योग हमारे बॉडी वेट को बैलेंस करने में सहायक होता है। इससे अधिक वजन वाले बच्चे का वजन कम होता है और कम वजन वाले बच्चों का वजन ठीक हो जाता है। यानी योग अधिक वजन वाले और दुबले-पतले, दोनों तरह के बच्चों के लिए फायदेमंद है। योग से मांसपेशियों को ताकत मिलती है, जिससे दुबले बच्चे भी बलवान बन सकते हैं, वहीं दूसरी ओर योग के नियमित अभ्यास से शरीर से फैट कम होता है, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है।

**स्ट्रेस होगा कम, बढ़ेगा कॉन्फिडेंस :** योगासन और मेडिटेशन, पढ़ाई, एग्जाम या दूसरी चीजों को लेकर बच्चों में होने वाले स्ट्रेस को कम करने में मदद करता है। डीप ब्रीदिंग के साथ किए जाने वाले विभिन्न योगासनों से फेफड़े मजबूत होते हैं। नियमित प्राणायाम से फेफड़ों की ऑक्सीजन ग्रहण करने की क्षमता बढ़ जाती है, जिससे शरीर की कोशिकाओं को सही ढंग से ऑक्सीजन मिलने लगती है, इसका पूरे शरीर पर सकारात्मक असर पड़ता है। तन-मन पर नियंत्रण और दिमाग को शांत रहता है। इससे तुम कठिन से कठिन परिस्थिति में शांत रहकर काम कर सकते हो। साथ ही तुम्हारा कॉन्फिडेंस लेवल भी बढ़ता है।

## जीके क्विज-109

1. भारत के अगले थल सेना प्रमुख कौन होंगे?
2. हाल ही में कौन लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री बने हैं?
3. योग का जनक (फादर ऑफ योगा) किसे कहा जाता है?
4. पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कब मनाया गया था?
5. दीपा कर्माकर किस खेल के लिए जानी जाती हैं?
6. किस नदी को 'चीन का शोक' कहा जाता है?
7. कौन-सा अंग हमारे रक्त को शुद्ध करता है?
8. डुरंड कप किस खेल से संबंधित है?
9. किस देश को 'केक की भूमि' भी कहा जाता है?
10. सेब में कौन सा अम्ल पाया जाता है?



बच्चों, जीके क्विज-109 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-108 का उत्तर :** 1.चंद्रबाबू नायडू और मोहन चरण माझी, 2.ज्योति रात्रे, 3.विटामिन ए, 4.महात्मा गांधी, 5.बाबर, 6.भारत और चीन, 7.बौद्ध धर्म, 8.लैक्टोमीटर, 9.तबला, 10.वुलर झील

**जीके क्विज-108 का सही उत्तर देने वाले :** अजय साहू-धमतरी, मानवी मधुकर-बिलासपुर, कबीर-हिसार, बाबला-ईमेल से, बिंदा ध्रुव-ईमेल से, पिंकी-बिलासपुर, दीक्षा-रायपुर, क्षमानिधि-बेमेतरा, सरबजीत-करनाल, बी आकांक्षा-अहमदाबाद, बी ईशान-अहमदाबाद, दिव्या-रायपुर, समीर-रोहतक

## हंसगुल्ले



**सोनू :** क्या हुआ भाई, उदास क्यों बैठे हो?
**मोनू :** सुबह एक न्यूज चैनल के एंकर ने कहा था, 'आइए, हम आपको गोवा लेकर चलते हैं...।' तभी से तैयार होकर बैठा हूं, लेकिन अभी तक कोई आया ही नहीं।
-रंजीत, हिसार

**टीचर :** रोहित, तुम रोज स्कूल आने में लेट क्यों हो जाते हो?
**रोहित :** सर, एक बोर्ड के कारण।
**टीचर :** कैसा बोर्ड?
**रोहित :** रास्ते में एक बोर्ड है, जिस पर लिखा है- 'आगे स्कूल है, कृपया धीरे चलें।'
-दिव्यम, भोपाल

**साइंस टीचर :** कौन-सा लिक्विड गर्म करने पर सॉलिड बन जाता है?
**राजू :** बेसन के पकौड़े।
-तनुजा, बेमेतरा

## कहानी
सरस्वती रमेश

# योग का करिश्मा

शिवा को फास्ट फूड खाने में बहुत मजा आता था। फास्ट फूड खाने के कारण वह फैटी हो गया। फैटी हुआ तो आलसी भी हो गया। उसके मम्मी-पापा चिंतित रहते। इस बीच शिवा अपने मम्मी-पापा के साथ गांव गया। वहां दादा जी भी उसे देखकर चिंतित हुए। लेकिन उन्होंने शिवा की दिनचर्या ऐसी बदली कि एक करिश्मा-सा हो गया।



शिवा को फास्ट फूड खाना बहुत पसंद था। बर्गर, चाउमीन, पिज्जा ये सब चीजें खाने के लिए वह अकसर ही जिद करता। हालांकि मम्मी को पता था, फास्ट फूड सेहत के लिए अच्छा नहीं है, लेकिन शिवा की जिद के आगे उन्हें झुकना पड़ता। पापा की डांट का भी उस पर कुछ असर नहीं होता। फास्ट फूड खाने से शिवा का वजन लगातार बढ़ रहा था। बढ़े वजन के कारण कोई भी काम करने में उसे थकान महसूस होती। अब तो वह आलस के कारण शाम को खेलने के लिए पार्क भी नहीं जाता था। दिन में घंटों मोबाइल में वीडियो गेम खेलता। मम्मी उसके बढ़ते वजन और मोबाइल की लत से परेशान रहतीं।

इधर कुछ दिनों से शिवा के पेट में अकसर दर्द उठने लगा था। डॉक्टर ने साफ-साफ शब्दों में आगाह किया, 'शिवा, तुम्हारे डाइजेशन में दिक्कत शुरू हो गई है। फास्ट फूड बिल्कुल नहीं खाना है। साथ ही वेट भी कम करना होगा।'

डॉक्टर की बात सुनकर मम्मी-पापा चिंतित हो गए। उन्हें समझ नहीं आ रहा था शिवा का वजन कैसे कम हो? एक दिन पापा ने शिवा की मम्मी से कहा, 'क्यों न हम लोग कुछ दिनों के लिए गांव हो आएं। शिवा की गर्मियों की छुट्टियां भी चल रही हैं। गांव में शायद उसकी आदतों में कुछ सुधार हो जाए।'

'हां मुझे भी लगता है।' मम्मी ने भी हामी भरी।

चार दिन बाद ही सब गांव आ गए। गांव में दादाजी, चाचाजी और उनके बच्चे रिंकी और सोनू रहते हैं। पहले ही दिन चाची ने दोपहर में सबके लिए स्वादिष्ट खाना बनाया। रोटी में चुपड़ी देसी घी की महक ने खाने के स्वाद को कई गुना बढ़ा दिया। खाना खाकर शिवा बोला, 'इतना स्वादिष्ट तो पिज्जा भी नहीं होता।' शिवा की बात सुनकर सब हंसने लगे।

शिवा का मोटा शरीर देखकर दादाजी को चिंता हुई। उन्होंने शिवा के पापा से इस बारे में बात की। वह बोले, 'हां पिताजी, शिवा का वजन बढ़ना हमारे लिए चिंता की बात है। वजन कम करने के लिए इसे बुरी आदतें छोड़ने के लिए कहता हूं, लेकिन यह मानता ही नहीं।'

दादाजी बोले, 'तुम चिंता मत करो, मैं सब संभाल लूंगा।'

शाम को शिवा अपने चचेरे भाई-बहनों के साथ खेतों में घूमने निकल गया। ठंडी हवा चल रही थी। गांव शिवा को बहुत अच्छा लग रहा था। वहां के माहौल और भाई-बहनों के साथ में वह कुछ यूं रमा कि मोबाइल और वीडियो गेम की उसे सुध ही नहीं रही।

अगले दिन शिवा सुबह जल्दी उठ गया। उसने देखा, दादाजी रिंकी और सोनू के साथ प्राणायाम और योग कर रहे हैं। वह भी उनके पास जाकर बैठ गया। दादाजी उससे बोले, 'योग और प्राणायाम करने से बीमारियां दूर रहती हैं। शरीर चुस्त-दुरुस्त रहता है। तुम भी प्राणायाम और योग करो शिवा।'

'मुझसे नहीं होगा।' शिवा बोला।

'कोशिश तो करो।' दादाजी बड़े प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरते हुए बोले।

'जी दादाजी..।' शिवा आसानी से मान गया।

वजन ज्यादा होने से शिवा को योग आसन करने में थोड़ी दिक्कत हुई, लेकिन जब उसने कोशिश की तो प्राणायाम-योग करने लगा।

रोज सुबह योग का अभ्यास करने से जल्द ही उसे कई तरह के आसन अच्छे से आ गए। ताजे फल, दूध, दही, छाछ, हरी सब्जियां खाने से उसकी पाचन क्रिया भी दुरुस्त होने लगी। वह सुबह-शाम बाहर की खुली ताजी हवा में बिताता, जिससे उसकी फिजिकल एक्टिविटी ज्यादा हो रही थी। उसका बढ़ा हुआ वजन तेजी से कम होने लगा। थकान और आलस की समस्या भी दूर हो गई। अब तो वह मजे से दौड़ता, भागता, खेलता। उसके पेट का दर्द भी छूमंतर हो चुका था।

करीब एक माह बाद शहर लौटने का दिन आ गया। शहर जाते समय दादाजी ने शिवा से पूछा, 'गांव में कैसा लगा बेटा?'

'बहुत अच्छा दादाजी। शहर में अब ये सब नहीं मिल पाएगा।' शिवा कुछ दुखी मन से बोला।

दादाजी ने समझाया, 'शहर में भी प्राणायाम और योगासन किया जा सकता है। अनहेल्दी खाने से दूर रहकर हेल्दी डाइट ली जा सकती है, स्वस्थ और फुर्तीला रहा जा सकता है। तुम प्रॉमिस करो, वहां जाकर यहां की अच्छी आदतें भूलोगे नहीं।'

'जी दादाजी, बिल्कुल नहीं भूलूंगा।' शिवा तुरंत बोला।

शिवा में आए इस बदलाव को देखकर मम्मी-पापा की सारी चिंताएं दूर हो गई थीं। दोनों ने अपने बेटे में आए करिश्माई बदलाव के लिए दादाजी को धन्यवाद दिया। वे खुशी-खुशी शिवा को लेकर वापस शहर आ गए। *

## कविता
गोविंद भारद्वाज



### योग दिवस

योग दिवस है आज योग दिवस,
आओ मिलकर योग करें।
जाति-धर्म का भेद मिटाकर हम,
सबका ही सहयोग करें।
स्वस्थ रहेगी काया अपनी,
स्वच्छ रहेगा फिर मन।
अभ्यास करो-अभ्यास करो
खर्च न होगा कोई धन।
विश्व गुरु भारत अपना जो
सबको योग सिखलाए।
लाभ मिलेंगे क्या-क्या इससे,
दुनिया को ये बतलाए।
बिछाकर आसन अपना सारे,
दूर सदा हर रोग करो।
योग दिवस है आज योग दिवस,
आओ मिलकर योग करें।

## गिनकर बताओ


बच्चों, दिए गए चित्र में कुछ बच्चे पार्क में योग के अलग-अलग आसन कर रहे हैं। तुम गिनकर बताओ कि चित्र में कुल कितने बच्चे योगाभ्यास कर रहे हैं?




उत्तर-14

## रास्ता खोजो

बच्चों, हर्षित को पार्क में योगाभ्यास कर रहे अपने दोस्तों के पास पहुंचना है। लेकिन पार्क तक पहुंचने का रास्ता बहुत टेढ़ा-मेढ़ा है। हर्षित को अपने दोस्तों तक पहुंचने में मदद तो करो जरा।



## बूझो तो जानें



1
कितने रंग प्रकाश में होते
कहो! कौन वह दानी।
होकर मौन भोर में आए
वह है ज्ञानी, ध्यानी।।

2
कौन दिनेश, मित्र, दिवाकर
कौन भानु है भास्कर जी।
वही विहंगम, अरुण, मार्तंड
वही प्रभाकर दिनकर जी।।

3
कौन अंशुमाली है जग का
कौन रवि और मंदार।
है आदित्य भगत सुखकारी
कौन लुटाए जग को प्यार।।

4
किरणें जिसकी जीवन देतीं
पेड़-पौधे को वही संवारे।
स्थिर है पर लगता चलता
अस्थि सबलता करे उजारे।।

-राकेश चक्र



उत्तर : चारों पहेलियों का जवाब है- सूर्य

## खबर संक्षेप



उकलाना। स्मृति चिन्ह प्रदान करते आयोजक। *फोटो : हरिभूमि*

### हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए : हवा सिंह

**उकलाना।** भारत विकास परिषद व भारतीय योग संस्थान शाखा उकलाना की ओर से तीन दिवसीय योग शिविर में दूसरे दिन मुख्य अतिथि कानूनगो हवा सिंह ने ज्योति प्रज्जवलित करके शिविर की शुरुआत की तथा बताया कि सुबह उठ करके हमें योग जरूर करना चाहिए। इस मौके पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष गौरव गुप्ता, सचिव नीरज बंसल, प्रांतीय संयोजक महेंद्र दहमनिया, कोषाध्यक्ष अंकुर गर्ग, संजीव बंसल, पवन गोयल, निहाल सिंह आदि सदस्य मौजूद थे।

### आत्माराम बने मजदूर एकता पार्टी के प्रभारी



**हिसार।** हिसार क्षेत्र के लाखपुल ढाणी निवासी आत्माराम बिश्नोई को राष्ट्रीय मजदूर एकता पार्टी का प्रांतीय प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष करण सिंह भूचाल ने दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में आत्माराम बिश्नोई को नियुक्ति पत्र सौंपा। करण सिंह भूचाल ने गुरुवार को आत्माराम बिश्नोई को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनमें समाज के प्रति कुछ करने का जज्बा है। ऐसे में उन्हें हरियाणा प्रदेश प्रभारी बनाया जा रहा है।

### योग से शरीर रहता है स्वस्थ : सतपाल सिंह

**हिसार।** नेहरू युवा केंद्र हिसार एवं आजाद हिंद युवा क्लब किरतान के सहयोग से मानवी कुश्ती एकेडमी अखाड़ा सलेमगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सायंकालीन योग दिवस मनाया गया। इस मौके पर योगाचार्य सतपाल सिंह ने योगाभ्यास करवाया और कहा कि आज हमारे देश भारत में ही नहीं विश्व भर में योग की चर्चा है। योग अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए बहुत जरूरी है। अगर शरीर स्वस्थ है तो इससे बड़ा और कोई धन नहीं है। उन्होंने बताया कि 21 जून को विश्व भर में योग दिवस मनाया जाएगा।

### महिला 4.10 ग्राम हेरोइन सहित काबू

**डबवाली।** एंटी नारकोटिक्स सेल ने गश्त के दौरान प्रेम नगर क्षेत्र से एक महिला को 4 ग्राम 10 मिलीग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। एएसआई रणजोध सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान डबवाली से प्रेमनगर रोड पर गांव अलीका की ओर जा रहे थे। इस दौरान प्रेम नगर पहुंचे तो एक महिला पुराना शराब ठेका के पास खड़ी थी। महिला ने पुलिस की गाड़ी को देखकर मौके से खिसकने का प्रयास किया। उन्होंने शक के आधार पर उक्त महिला को काबू करके तालशी ली तो उसके कब्जा से 4 ग्राम 10 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपी महिला की पहचान मौजगढ़ हाल डबवाली के रुप में हुई है। आरोपी महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## एक ही स्थान पर सभी विभागों की मौजूदगी से समाधान आसान

# शिविर में आमजन की समस्याओं का किया जा रहा समाधान : डीसी

### नागरिकों की समस्याओं के समाधान को लेकर जिला प्रशासन गंभीरः दहिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिला प्रशासन द्वारा आमजन की शिकायतों के त्वरित व प्रभावी समाधान के लिए समाधान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। वीरवार को आयोजित हुए समाधान शिविर में काफी संख्या में नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे जिनकी सुनवाई उपायुक्त प्रदीप दहिया द्वारा की गई।

दहिया ने कहा कि नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर समाधान शिविर में आ रहे हैं और जिला प्रशासन समस्याओं के निदान को लेकर पूरी तरह से गंभीर है। आमजन की समस्याओं को लेकर जिला के अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त ने समस्याओं के निर्धारित समय में त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को तुरंत एक्शन लेने के निर्देश दिए तथा अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया गया। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर के दौरान नागरिक परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पानी लाइन, बिजली कनेक्शन, बिजली की तारें, पेंशन, और अन्य सरकारी योजनाओं तथा पुलिस विभाग से जुड़े मुद्दे लेकर पहुंचे थे। उपायुक्त ने बताया कि सरकार व प्रशासन की प्राथमिकता है कि नागरिकों को उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान किया जाए। इन समाधान शिविरों के माध्यम से प्रशासन यह सुनिश्चित करना चाहता है कि हर नागरिक को सरकारी सेवाओं तक आसान पहुंच प्राप्त हो और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान हो। शिविर में हिसार



हिसार। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते उपायुक्त प्रदीप दहिया।

#### पोर्टल पर अपडेट किया जा रहा स्टेटस

उपायुक्त ने बताया कि समाधान शिविर में आने वाली हर शिकायत को अधिकारी पोर्टल पर अपलोड कर रहे हैं और साथ में समस्या की वर्तमान स्थिति भी पोर्टल पर अपडेट की जा रही है। समाधान शिविर में अब तक रखी गई ज्यादातर शिकायतों का समाधान किया जा चुका है व जो लंबित हैं उनका भी समाधान जल्द सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नीरज, एसीयूटी कनिका गोयल, जिला राजस्व अधिकारी चेतना चौधरी, एडीआईओ ज्योति सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



हांसी। मुख्य सिपाही के कंधे पर स्टार लगा कर पदोन्नत करते एसपी।

### एसपी ने मुख्य सिपाही को किया एएसआई के पद पर पदोन्नत

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद ने बृहस्पतिवार को कार्यालय में पदोन्नत हुए मुख्य सिपाही के कंधे पर स्टार लगा कर सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत कर उसे उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। पुलिस प्रवक्ता कुलदीप सिंह ने बताया सिसाय पुलिस पुलिस चौकी में तैनात मुख्य सिपाही प्रवीन कुमार को पुलिस अधीक्षक ने बृहस्पतिवार को अपने कार्यालय में सहायक उप निरीक्षक के पद पर प्रमोशन कर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा एवं हांसी पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद ने पुलिस विभाग से जुड़ी समस्याओं के यथाशीघ्र समाधान करने के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए।



हिसार। सेक्टर 14 में आयोजित योग शिविर में उपस्थित विधानसभा उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा। *फोटो : हरिभूमि*

## बीमारियों से दूरी के लिए नियमित योग जरूरी

- भाविप केशव शाखा ने सेक्टर 14 में लगाया योग शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा ने आमजन से आह्वान किया है कि योग को एक दिन की औपचारिकता न समझे और इसे नियमित रूप से अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। वर्तमान में स्वस्थ रहने के लिए योगासन का महत्व सबसे अधिक है। यदि हम बीमारियों से दूर रहना चाहते हैं तो इसके लिए हमें नियमित रूप से योगाभ्यास करना पड़ेगा। रणबीर गंगवा गुरुवार को भारत विकास परिषद् की केशव शाख द्वारा सेक्टर 14 में आयोजित योगा शिविर का उद्घाटन करने उपरांत आए हुए नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, शाखा अध्यक्ष सुरेंद्र लाहौरिया, नगर पार्षद टीनू जैन भी उपस्थित थे। शिविर में उन्होंने योग साधकों के साथ योगासन भी किए और बताया कि योग उनके जीवन का अहम हिस्सा है। प्रातकाल योगासन उपरांत ही वे अपनी दिनचर्या आरंभ करते है। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित होने वाले योगा कार्यक्रमों को लेकर जोरों तैयारियां की जा रही हैं। जिला के साथ-साथ ब्लॉक स्तर पर भी योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस बार अंतराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का थीम "स्वयं व समाज के लिए योग" है। अंतराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के भव्य व सफल आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हिसार में योगा कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। भारत विकास परिषद द्वारा द्वारा आयोजित योगा शिविर के लिए उन्होंने केशव शाखा के पदाधिकारियों का धन्यवाद किया। भारत विकास परिषद के कार्यकर्ता के आदर्श स्वामी विवेकानंद ने अकेले ही भारतीय संस्कृति, धर्म और देश के गौरव की ध्वजा को पूरे विश्व में लहराया था। उन्हीं के पदचिन्हों पर चलकर हमारा देश निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है।

## फास्ट फूड बिगाड़ रहा स्वास्थ्य

- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर गांव खांडा खेड़ी में एडवांस योग शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

आजकल के बच्चे फास्ट फूड बहुत ज्यादा खा रहे हैं। जिस वजह से बच्चों की स्वास नालियों में मैदा, कैस्ट्रॉल समेत कई हानिकारक तत्व जम जाते है। इसके कारण बच्चों का स्वास्थ्य खराब हो जाता है। उन्हें स्वस्थ रखने के लिए निरंतर योग करते रहना चाहिए। यह बात तहसील नारनौंद प्रभारी हरपाल सिंह डांगी ने गांव खांडा खेड़ी में माता जिओ देवी कॉलेज के प्रांगण चल रहे एडवांस योग शिविर को संबोधित करते हुए कही। यह शिविर पिछले दस दिनों से चल रहा है और ग्रामीण इसमें बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। इसका संचालन बास तहसील प्रभारी वेद प्रकाश आर्य कर रहे हैं। शुक्रवार 21 जून को गांव खांडा खेड़ी के अंदर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। योग शिविर में वेद प्रकाश आर्य ने सभी योग साधकों को बहुत ही छोटी-छोटी और महत्वपूर्ण बातें बताते हुए कहा की योग से हम अपना जीवन बदल सकते हैं। योग से हम अपने शरीर को स्वस्थ रखकर बीमारियों से दूर रख सकते हैं। योग में वह शक्ति है जो की बहुत बड़ी-बड़ी बीमारियों को खत्म करने में कारगर है।



नारनौंद। गांव खांडा खेड़ी में योग करवाते हुए हरपाल सिंह व अन्य।

## अमरनाथ भंडारे के लिए खाद्य सामग्री से भरे ट्रक रवाना

- श्रीनगर में 29 से 19 अगस्त तक लगाया जाएगा भंडारा
- मंडल के प्रधान यश नागपाल ने शिवभक्तों का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

श्रीशिव सेवक मंडल द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अमरनाथ बाबा का 13वां विशाल भंडारा पंथा चौक, श्रीनगर जम्मू कश्मीर में लगाने के लिए गुरुवार प्रातः पंजाबी भवन, सेक्टर 14 से खाद्य सामग्री से भरे दो ट्रकों को रवाना किया। इससे पहले पं. नरेन्द्र भारद्वाज द्वारा पूजा-अर्चना करवाई गई। पूजन के बाद बाबा भोलेनाथ के जयकारों के बीच मंडल के सरपरस्त व वयोवृद्ध समाजसेवी रामबख्श असीजा व डॉ. महिपाल मुंजाल ने झंडी दिखाकर ट्रकों को रवाना किया व शिवभक्तों को अपनी शुभकामनाएं दीं। भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया। मंडल के प्रधान यश नागपाल ने उपस्थित शिवभक्तों का स्वागत किया। मंडल के सेवादार जगदीश रहेजा ने बताया कि श्रीशिव सेवक मंडल द्वारा हर वर्ष अमरनाथ यात्रियों के लिए 24 घंटे खाने-पीने, रहने व चिकित्सा सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं। मंडल द्वारा हिसार वासियों की ओर से लगने वाला यह भंडारा पंथा चौक, श्रीनगर जम्मू कश्मीर में लगाया जाएगा जो कि 29 जून से 19 अगस्त तक चलेगा जिसके माध्यम से अमरनाथ यात्रियों को हर समय भोजन व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस अवसर पर विजय गावड़िया, रवि भुटानी, गगन मल्होत्रा (बॉबी), राजकुमार बजाज, डी.के.मित्तल, रमेश भल्ला, महेन्द्र पाल, शालू नागपाल, प्रवीन वर्मा, दिनेश मेहता, हैप्पी कालड़ा, राजेन्द्र ढींगड़ा, संदीप थरेजा, सतीश असीजा, हैप्पी मेहता, अमित चावला आदि भी उपस्थित रहे।



हिसार। ट्रकों को अमरनाथ के लिए रवाना करते समाजसेवी रामबख्श असीजा।

## स्मृति वन पार्क में महिलाओं ने किया योग

- महिलाओं ने 50 सूर्य नमस्कार करके सबको किया मोटिवेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में स्मृति वन पार्क में महिलाओं ने 50 सूर्य नमस्कार करके सबको मोटिवेट किया। लगभग 65 साल की गृहिणी ने भी सबके साथ मिलकर पूरे सूर्य नमस्कार किए। आपस में मुकाबला काफी रोचक रहा। प्रथम, द्वितीय व तृतीय निकालना भी काफी मुश्किल रहा। महिलाएं रुकने का नाम नहीं ले रही थी। पांच महिलाओं को पुरस्कार के लिए चुना गया।

हरियाणवी रिवाज समिति की अध्यक्ष व योग शिक्षिका कांता हुड्डा ने गुरुवार को बताया कि पहले नंबर पर अनीता व मनीषा रही। अंजू व खुशी दूसरे व सुनीता तीसरे नंबर पर रही।

इन सबको बुजुर्ग माताओं ने योगा मैट व केले देकर सम्मानित किया और योग के प्रति सभी को मोटिवेट किया गया। साथ ही हरियाणवी संस्कृति से रूबरू करवाया गया और बहुत ही मोटिवेशनल कविता, गाने व हरियाणवी गीत भी गाए गए। चुटकुले सुना कर दुलारी देवी ने सबको हंसा लोटपोट कर दिया। अलका गाट का कार्यक्रम की सफलता में विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर रमन, सुदेश, मनीषा, रोशनी, सुनीता, बाला, परवीन खान, अंजु, खुशी, अलका, प्रोमिला, संतोष मोर, पूरा राठी परिवार, संतोष गिल, मोबली सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रही।



हिसार। योग शिक्षिका कांता हुड्डा महिलाओं को योग करवाते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

## खराब शिक्षा व्यवस्था से भविष्य खतरे में

- एचएयू झुग्गी बस्ती में आम आदमी पार्टी की तीसरी महिला पंचायत का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उमेश शर्मा के नेतृत्व में तीसरी महिला पंचायत का नलवा विधानसभा में आने वाली एचएयू की झुग्गियों में आयोजित की गई। इसमें क्षेत्रवासियों को हरियाणा की शिक्षा व्यवस्था से अवगत करवाया गया। उमेश ने गुरुवार को आयोजित इस महिला पंचायत में कहा कि हरियाणा की बर्बाद शिक्षा के खिलाफ हर उस मां को खड़ा होना होगा जिसके बच्चों को इस व्यवस्था ने बर्बाद कर दिया। वर्तमान में हरियाणा के सरकारी स्कूलों में 28 हजार अध्यापकों की कमी है, पर्याप्त क्लर्क नहीं हैं, चौकीदार नहीं हैं, 538 स्कूलों में शौचालय नहीं हैं, अगर सरकार सुविधाएं नहीं देगी तो बच्चे कैसे पढ़ेंगे। सरकार की खराब शिक्षा व्यवस्था के चलते प्रदेश के बच्चों का भविष्य संकट में है।



हिसार। महिला पंचायत को संबोधित करते उमेश शर्मा। *फोटो: हरिभूमि*

## टेक्सट मैसेज फॉरवर्ड कर धोखे से दो लाख 23 हजार रुपये की ठगी

- पुलिस ने पांच आरोपितों को किया गिरफ्तार
- एक स्कॉर्पियो गाड़ी और 15 मोबाइल फोन बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

साइबर थाना पुलिस ने टेक्सट मैसेज फॉरवर्ड कर दो लाख 23 हजार रुपए की ठगी मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मध्यप्रदेश के ग्वालियर जिले के सिंगारपुर गांव निवासी श्यामू पाल, रिंकू राजपूत, इसी जिले के सुतारपुरा निवासी सौरव, भीतरबाहर निवासी पुष्पेंद्र यादव व भिंड जिले के कल्याणपुरा निवासी दीपेंद्र राणा शामिल है। थाना प्रभारी ने गुरुवार को बताया कि इस वर्ष 24 मार्च को पोर्टल से एक शिकायत प्राप्त हुई। इसमे शिकायतकर्ता ने बताया कि वह हिसार निवासी है और बैंक से सेवानिवृत कर्मचारी है। गत 21 मार्च की सुबह उसने मोबाइल पर अपना बैंक अकाउंट चेक किया तो उसके अकाउंट से आईएमपीएस द्वारा 1 लाख 80 हजार और 20 हजार तथा बिल डेस्क से 23 हजार की तीन ट्रांजेक्शन में कुल 2 लाख 23 हजार रुपए अलग अलग बैंक अकाउंट में ट्रांसफर किए गए। शिकायतकर्ता ने अपना मोबाइल चैक किया तो उसके मोबाइल से किसी अन्य नंबर पर टेक्सट मैसेज फारवर्ड किए हुए थे। पुलिस ने साइबर थाना में केस दर्ज करके इन पांचों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि शिकायतकर्ता के बैंक अकाउंट से ट्रांसफर की गई धनराशि अलग अलग अकाउंट में ट्रांसफर की गई। इसमें से एक अकाउंट श्यामू पाल का है जिसमें दो लाख रुपए ट्रांसफर किए गए। श्यामू पाल ने यह बैंक अकाउंट रिंकू को 10 हजार रुपए में बेचा था। रिंकू ने वही अकाउंट आगे मुख्य आरोपी को बेच दिया।

## खेलों में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को दी जाएगी ट्रेनिंग

# होली चाइल्ड स्कूल का खेल नर्सरी में चयन

- सरकार की ओर से खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल का हरियाणा खेल नर्सरी के लिए चयन हुआ है। अब विद्यालय के वे विद्यार्थी जो खेलों में रूचि रखते हैं उन्हें इस योजना के तहत ट्रेनिंग दी जाएगी और सरकार की ओर से इन खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। खेल नर्सरी के लिए चयन होने पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक राजपाल सिंधु ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सरकार का यह सराहनीय कदम है यदि खिलाड़ियों को बचपन से ही प्रोत्साहन मिलता है तभी ये आगे चलकर खेलों में यश और कीर्ति की नई कहानी लिखते हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने खेल प्रशिक्षक श्री रामनिवास श्योकंद और चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। वर्ष 2006 से खेल प्रशिक्षक रामनिवास श्योकंद खिलाड़ियों को नई उर्जा के साथ विभिन्न खेलों के लिए मार्गदर्शन देते आ रहें हैं। उल्लेखनीय है कि विद्यालय अब तक अन्तरराट्रीय स्तर के 20 और राष्ट्रीय स्तर के 400 खिलाड़ी दे चुका है। इसके अतिरिक्त योग, हैंडबॉल, खो-खो, रस्सा-कस्सी, बैडमिंटन और जूडो में भी खिलाड़ियों का खेल प्रदर्शन देखते ही बनता है।



हिसार। हरियाणा खेल नर्सरी में शामिल खिलाड़ी खेल प्रशिक्षक श्रीरामनिवास श्योकंद के साथ।

### शिक्षा के साथ खेलों को प्रोत्साहन

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल वर्ष 1988 से अनवरत देश के कर्णधारों को दिशा देता आ रहा है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक राजपाल सिंधु विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष बल देते रहें हैं। यही कारण है कि विद्यार्थियों में छुपी प्रतिभा को पहचान कर उन्हें निरंतर तराशने का प्रयास किया जाता रहा है।

## खबर संक्षेप

### प्रवेश परीक्षाओं का भाजपा सरकार ने बनाया मजाक

**हिसार।** हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने यूजीसी नेट परीक्षा रद्द होने पर कड़ी प्रतिक्रिया जताई है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नाकामियों की लिस्ट लंबी होती जा रही है। अभी तो नीट परीक्षा परिणाम घोटाले का समाधान नहीं हुआ है और अब नेट परीक्षा को रद्द करके लाखों परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि देशभर के 317 शहरों में नौ लाख से अधिक युवाओं ने यह परीक्षा दी थी। परीक्षा के अगले ही दिन इसे रद कर दिया गया है।

### 24 विद्यार्थियों को मिली प्लेसमेंट

**हिसार।** गुरुदक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के इलेक्ट्रोनिक्स व कम्यूनिकेशन इंजिनियरिंग विभाग से 24 विद्यार्थियों का विभिन्न कंपनियों में चयन हुआ। टीपीओ डॉ. मुकेश बसंल ने बताया कि विभिन्न कंपनी द्वारा अप्रैल व मई महीने के दौरान संस्थान के प्रांगण व विभिन्न कंपनी कैंपस में पहले टेस्ट लिया गया और उसके बाद साक्षात्कार हुआ। साक्षात्कार के दौरान कम्पनी ने 2021-24 बैच के 6 छात्रों का चयन इंटरफेस माइक्रोसिस्टम गुरुग्राम, 5 छात्रों का चयन किरलोस्कर टैक्नोलोजी जयपुर, 3 छात्रों का चयन लुमैक्स इलेक्ट्रोनिक्स बावल ने किया।

### 10 हजार लोगों को दिलाई नशा न करने की शपथ

**हांसी।** हांसी पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त हरियाणा पखवाड़ा अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों, पार्कों, गांव की चौपालों, बस स्टैण्ड, शहरी इलाकों व खेल स्टेडियमों में जाकर आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे जागरूक कर 10 हजार से अधिक लोगों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई है हांसी पुलिस के कर्मचारियों ने भी अपने-अपने थाना व चौकियों व पुलिस लाइन में नशा न करने की शपथ ली।पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद ने बताया कि हांसी पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा।

## बिजली नहीं आने से परेशान धरतीपुत्रों ने निगम कार्यालय में दिया धरना

# किसानों की चेतावनी, 24 घंटे में समाधान नहीं तो जड़ देंगे ताला


नारनौंद। बिजली निगम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

### राजथल के ग्रामीणों ने नारनौंद बिजली घर में प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर जताया रोष

**कर्मचारी बढ़ाने के निर्देश**

जेई को कर्मचारी बढ़ाने के निर्देश दे दिए गए हैं। ग्रामीणों की जो भी समस्या है उसको सुलझा दिया जाएगा। गांव में पूर्ण रूप से बिजली की सप्लाई दी जाएगी। -संजय सिंगला, एसडीओ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

बिजली की समस्या को लेकर राजथल गांव के ग्रामीण गुरुवार को नारनौंद बिजली घर में पहुंचे और सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। निगम को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण बिजली निगम के गेट पर ताला लगाकर धरना देंगे। बिजली निगम के अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही उनकी समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। ग्रामीण चांदीराम मान, रामकुमार शर्मा, रमेश बिसला, दलशेर चहल, शीशपाल, कुलदीप, संजय, रॉबिन, मनोज कुमार, अंकित, प्रदीप, बुगल बिसला, अनिल गोदारा, दलशेर चहल, सतीश चहल, कुलदीप, सुचेत मान, अमित आदि ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से गांव राजथल के खेतों में बिजली की सप्लाई बाधित हो रही है। इस लाइन पर बिजली कर्मचारी भी काफी कम है। इसके कारण बिजली ब्रेकडाउन रहती है। वही पूरी लाइन कंडम हो चुकी है। लेकिन समस्या का समाधान आज तक भी नहीं हो पाया। बिजली न आने के कारण धान की पौध खराब होने के कगार पर हैं। इससे किसानों को हजारों रुपए का नुकसान होगा क्योंकि अगर पौध ही तैयार नहीं हुई तो वह खेतों में धान की फसल की रोपाई कैसे करेंगे। किसानों ने बिजली निगम के एसडीओ से तीन पहले भी मांग की थी कि इस लाइन पर कर्मचारियों को भी बढ़ाया जाए लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण इस लाइन पर कर्मचारी नहीं बढ़ाई गई जिसके कारण बिजली बाधित हो रही है। इससे किसानों में विभाग के प्रति गुस्सा बना हुआ है और गुरुवार को सैकड़ों किसान इकट्ठे होकर बिजली घर में पहुंचे।


हिसार। उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते इकाई के कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

## नपा कर्मचारी संघ ने डीसी को सौंपा सीएम के नाम ज्ञापन

- निकाय मंत्री के आवास पर कुरुक्षेत्र में डालेंगे 23 को पड़ाव

**हिसार।** नगरपालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर हिसार नगरपालिका के कर्मचारियों ने अपनी मांगों का ज्ञापन उपायुक्त एवं निगमायुक्त प्रदीप दहिया को सौंपा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम सौंपे गए ज्ञापन में अनेक मांगे रखी गई है। इससे पहले जिला प्रधान सुनील की अध्यक्षता में कर्मचारियों ने गेट मीटिंग की। मंच संचालन जिला सचिव बिशन सिंह ने किया। गेट मीटिंग में कर्मचारियों की मांगों से अवगत करवाते हुए मंच संचालक बिशन सिंह ने कहा कि ठेका प्रथा को खत्म करके सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। उन्होंने कहा कि 23 जून को कुरूक्षेत्र में स्थानीय निकाय मंत्री सुभाष सुधा के आवास पर होने वाले महापड़ाव में जिले के सभी पदाधिकारी व कर्मचारी भारी संख्या भाग लेंगे और कर्मचारी संघ की मांगों का स्थानीय निकाय मंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएंगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी सरकार के द्वारा मांगे पूरी नहीं की गई तो कर्मचारी संघ एक बड़े आंदोलन की तैयारी करेगा। इसके अलावा ज्ञापन में अन्य मांगे भी रखी गई। गेट मीटिंग में सकसं ब्लॉक प्रधान ओमप्रकाश माल, कोषाध्यक्ष शशिकांत, इकाई प्रधान राजेश बागड़ी, इकाई सचिव सुरेंद्र राणा, पूर्व प्रधान अशोक बहोत, मास्टर उत्तम, प्रकाश फौजी, सूरजमुखी, सेवा देवी, बबीता, संजय, जिला वरिष्ठ उप-प्रधान विकास चंदा, कोषाध्यक्ष राम अवतार, बरवाला इकाई के प्रधान रविदास, हांसी इकाई प्रधान बलजीत, नरेश अटवाल, रणधीर बामल, ईश्वर, मुरारी लाल, कुलदीप, सुखा, आदि कर्मचारी नेता मौजूद रहे।


हिसार। सर्जरी की सफलता के बाद ओटी में डॉ क्षितिज ढुल। फोटो: हरिभूमि

## आधार अस्पताल के प्लास्टिक सर्जन ने कटकर अलग हुआ हाथ को जोड़ा

- डॉक्टरों की टीम ने सात घंटे तक किया ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

आधार अस्पताल के डॉक्टरों की टीम ने युवक के कटकर अलग हुए हाथ को जोड़ा दिया। डॉक्टरों की टीम द्वारा सात घंटे तक किए गए ऑपरेशन के बाद यह संभव हो पाया। इसकी जानकारी प्लास्टिक सर्जन डॉ. क्षितिज ढुल, निदेशक व हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विभाग के अध्यक्ष डॉ. विक्रम जैन, चिकित्सा अधीक्षक एवं निश्चेतन विभाग के प्रमुख डॉ. नीरज नागर ने पत्रकारों से बातचीत में दी। डॉ. क्षितिज ने बताया कि फतेहाबाद निवासी युवक का बायां हाथ आठ दिन पहले कलाई से कटकर अलग हो गया था। वह रेफर होकर आधार अस्पताल, हिसार रात ग्यारह बजे पहुंचे। डॉक्टरों की टीम ने परिजनों की सहमति पर उसका ऑपरेशन किया। टीम में प्लास्टिक सर्जन डॉ. क्षितिज ढुल, डॉ. प्रणीत भुसाल, डॉ. साहिल की टीम ने सात घंटे तक चली सर्जरी के बाद हाथ कुशलतापूर्वक जोड़ा और अब रक्त संचार और पल्स सुचारु रूप से आने लगी। आज आठ दिन बाद रोगी पूर्ण रूप से स्वस्थ है, रिकवरी बहुत ही अच्छी है, अब उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। प्लास्टिक सर्जन डॉ. क्षितिज ढुल ने बताया कि इस ऑप्रेशन में एडवांस मिक्रोवस्कुलर रिकंस्ट्रक्शन तकनीक का प्रयोग किया गया। जिसमें क्षतिग्रस्त मांस, नसों, त्वचा और हड्डी को बहुत बारीकी से सफाई करके हटाया गया। इसके बाद क्रमशः हाथ को सपोर्ट करने वाली हड्डियों, खून के बहाव वाली नसों, दिमाग से संकेत लानेवाली नर्व्स, हाथ और अंगुलियों को चलाने वाली मांसपेशियों और टेन्डेंस को जोड़ा गया। निदेशक एवं हड्डी रोग व जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ विक्रम जैन ने बताया कि देश के चुनिंदा शहरों में ही ऐसी सर्जरी की जाती है।

## एचसीएस मेन के टॉपर सुरेश कुमार का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आदमपुर

एचसीएस मेन में टॉपर रहे गांव कालीरामण के किसान सतबीर चबरवाल के बेटे सुरेश कुमार का गुरुवार को आदमपुर की अनाज मंडी में पूर्व पार्षद रामप्रसाद गढ़वाल के प्रतिष्ठित पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुरेश कुमार ने अपनी असाधारण शैक्षणिक क्षमता और उत्कृष्टता के प्रति समर्पण का प्रदर्शन करते हुए एचसीएस मे मेन स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि मैंने बिना किसी कोचिंग व टयूशन के अध्यापकों व परिजनों के सहयोग से यह सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा मैंने मेरे गांव कालीरावण के सुखराम स्कूल में 12 वीं पास की परीक्षा के लिए कोई कोचिंग नहीं ली। इस उपलब्धि पर आदमपुर व्यापार मंडल प्रधान नवीन बेनीवाल, पूर्व प्रधान लीलाधर गर्ग, भूपेन्द्र कासनियां, आनंद मोहन ऐलावादी, मनोज बंसल प्रेम बंसल, रामप्रताप मोडाखेड़ा, अमनदीप टांडी, रविंदर जांगु ने सुरेश कुमार चबरवाल को आदमपुर हल्के में एचसीएस मेन आने पर ने उसके परिवारजनों को बधाई दी।


आदमपुर। सुरेश कुमार का स्वागत करते क्षेत्रवासी। फोटो: हरिभूमि

## कैरम टीम के खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

फरीदाबाद में 22 जून से होने वाली तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कैरम प्रतियोगिता के लिए जिला हिसार टीम के विभिन्न वर्गों में कैरम खिलाड़ियों का चयन किया गया। इसमें चयन कार्यक्रम में आर्यभट्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल से दक्ष, न्यू जेनरेशन पब्लिक स्कूल से पर्व, एसआर इंटरनेशनल स्कूल हरिकोट से मोहित व समर, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सारंगपुर से सूक्ष्म, सुमित ,अंकित, साहिल जबकि सीनियर ग्रुप के लिए राकेश गोदारा, बलवंत सिंह, भूरा राम, मुकेश कुमार, एसडी कॉलेज हांसी से सोनिया खान, अंजलि, रवीना तथा अमन का चयन किया गया। यह जानकारी देते हुए कैरम एसो. हिसार के पदाधिकारियों ने दी।


हिसार। चयन प्रक्रिया में हिस्सा लेते खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

## बीमारी से बीएसएफ जवान का निधन

- राजकीय सम्मान के साथ गांव सुल्तानपुर में किया शव का अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

अर्धसैनिक बल बीएसएफ में तैनात गांव सुल्तानपुर के बेटे 56 वर्षीय नरेंद्र का बुधवार लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। नरेंद्र पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। सुल्तानपुर गांव में बृहस्पतिवार को नरेंद्र के शव का राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। जवान की मौत की सूचना पर गांव में मातम फैल गया। जानकारी के अनुसार नरेंद्र का पिछले कई दिनों से गुरुग्राम स्थित मेदांता अस्पताल में इलाज चल रहा था। और दो दिन पहले ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिली थी। घर आने के बाद बुधवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे उपचार हेतु पुनः मेदांता अस्पताल ले जाया गया। उपचार के दौरान मौत हो गई। जवान की मौत की सूचना मिलने पर हिसार बीएसएफ कैंप से जवानों ने सुल्तानपुर पहुंच नरेंद्र को अंतिम सलामी दी। नरेंद्र के शव को उनके पुत्र द्वारा मुखाग्नि दी गई। बीएसएफ में एएसआई के पद पर तैनात नरेंद्र दिल्ली में पोस्टिड थे। मेदांता में इलाज चल रहा था। बृहस्पतिवार को उनका हांसी के नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया गया।


हांसी। नरेंद्र के अंतिम संस्कार के दौरान उसे अंतिम सलामी देते हुए बीएसएफ के जवान।

## डीएन कॉलेज ने किया एचसीएस नितिश सेलपाड़ का स्वागत


हिसार। डीएन कॉलेज के पूर्व छात्र एचसीएस नितिश सेलपाड़ का स्वागत करते कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह व अन्य प्रोफेसर।

**हिसार।** हरियाणा सिविल सर्विस (एचसीएस) की परीक्षा में प्रदेश में छठा स्थान प्राप्त करने वाले नितिश सेलपाड़ का दयानंद कॉलेज परिसर में स्वागत किया गया। इस दौरान डीएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने गुरुवार को कहा कि ग्रामीण आंचल से उठकर बिना किसी कोचिंग के नितिश ने जिस प्रकार यह सफलता पाई है, उससे दूसरे विद्यार्थियों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नितिश ने दिखा दिया है कि यदि व्यक्ति के इरादे मजबूत हो तो सफलता उसे हर हाल में मिलती है। इससे पहले एचसीएस नितिश सेलपाड़ के कॉलेज पहुंचते ही कॉलेज प्रबंधन ने सम्मानित किया। इस मौके पर एचसीएस नितिश के पिता नरेश सेलपाड़, डीएन चेतन शर्मा, मंजीत सिंह, नरेन्द्र कुमार, सुरजीत कौर, डॉ. रमेश पूनिया, डॉ. आदित्य, वरिष्ठ पत्रकार कमलेश भारतीय, समाजसेवी सतीश सरोहा, कविता रानी मौजूद रहे।




## बच्चों के लिए निःशुल्क सेल्फ डिफेंस कैंप का आयोजन



**हिसार।** राजगुरु मार्केट स्थित कमल डांस बज अकेडमी में पांच दिवसीय सेल्फ डिफेंस शिविर के पहले दिन 47 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने सेल्फ डिफेंस की तकनीकें सीखीं। बच्चों को सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण अंतरराष्ट्रीय सेल्फ डिफेंस कोच ताइक्वांडो ब्लैक बेल्ट एवं इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स रोहतास कुमार ने दिया। अकेडमी के संचालक सुधीर वर्मा व कमल ठाकुर ने कहा कि अकेडमी ने डांस का प्रशिक्षण लेने आने वाले बच्चों को यह प्रशिक्षण निशुल्क दिए जाने का कदम उठाया गया है। शिविर में विहान, आराध्य, दिवान्शी, वंश, केशव, विदुषी, कनिष्क, पार्थ, आभीर, केशव, मनी, माही, संदीप, गुरदीप सिंह, सिद्धार्थ व रोहना सहित अन्य बच्चों ने भाग लिया।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530207, 9315429403, 9253681005

## मानव कल्याण को गुरु जंभेश्वर ने बनाए थे 29 नियम : डॉ. आर्य

- हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष ने किया गुरु जम्भेश्वर जी महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ. जयदीप आर्य ने कहा है कि गुरु जम्भेश्वर जी महाराज संत कबीर, गुरु नानक देव तथा महर्षि दयानंद की तरह एक महान योगी थे। उन्होंने प्रकृति व जीव संरक्षण तथा मानवता के लिए अपना जीवन समर्पित किया। डॉ. जयदीप आर्य गुरुवार को गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के गुरु जम्भेश्वर जी महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान का दौरा करने उपरांत बातचीत कर रहे थे। उन्होंने संस्थान परिसर में गुरु जम्भेश्वर जी महाराज के मंदिर में जल रही अखंड ज्योति के दर्शन किए तथा ध्यान किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर के साथ चर्चा की। इस अवसर पर हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. एनके बिश्नोई उपस्थित रहे। डॉ. जयदीप आर्य ने कहा कि गुरु जम्भेश्वर जी महाराज ने सम्पूर्ण मानवता की भलाई के लिए 29 नियमों की स्थापना की, जिनमें प्रकृति संरक्षण, नारी उत्थान तथा प्रतिदिन यज्ञ का नियम विशेष है। गुरु जम्भेश्वर जी महाराज आधुनिक कालखंड के अनुभूत योगी थे। विश्वविद्यालय को उनकी शिक्षाओं को पाठ्यक्रम में भी शामिल करना चाहिए। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को विश्वविद्यालय 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में विश्वविद्यालय के योगा संघ के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी अपनी योगासन की प्रस्तुति देंगे।


हिसार। योग आयोग के अध्यक्ष डा. जयदीप आर्य को संस्थान से संबंधित साहित्य भेंट करते कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर। फोटो: हरिभूमि

